ॐ

निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002

E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com Web - https://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 1/2024-25 (चैत्र कृष्ण 11 वि. सं. 2080 युगाब्द 5125) दिनांक : 05/04/2024

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार/जोहार।

पत्रक क्रमांक 19/2023-24 दिनांक 15/03/2024 का अध्ययन करते हुए कार्य को गति प्रदान कर रहे होंगे। सूरज दादा अपने प्रखर तेज को बिखेरते हुए सबको ऊर्जान्वित कर रहे हैं, अर्थात गर्मी अपने चरमोत्कर्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर है। स्वयं बचें, औरों को बचाएँ, सावधानी ही उपचार है। संघ विचार परिवार एवं विद्या भारती के कार्यकर्ता तो -

''चलें-चलें, चलें-चलें हम निशिदिन अविरत,
चलें-चलें, हम सतत चलें।
कर्म करें हम निरलस पल-पल,
दिनकर सम हम सदा जलें।।
सोते नर का भाग्य सुप्त हैं,
जागे नर का भाग्य जागता,
चलें-चलें हम सतत चलें।

का उद्घोष सतत उद्घोषित करते हुए कर्म पथ पर कंटकाकीर्ण मार्ग की चिंता किए बिना मार्गस्थ हैं। शुभकामानाएँ।

लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम चुनाव आयोग ने प्रख्यापित किया है। हम सबको भी लोंकमत का परिष्कार करते हुए शत-प्रतिशत मतदान हेतु अभियान चलाना है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सरकार बने इस हेतु प्रयास भी करना है। लोकमत परिष्कार हेतु बड़ी बैठक या सभा नहीं करनी है। अभिभावक संपर्क, व्यक्तिश: चर्चा-वार्ता, छोटे-छोटे समूहों में परिचर्चा करनी है। लोकतंत्र के महापर्व को देखते हुए कतिपय बड़े कार्यक्रमों के तिथियों में परिवर्तन करना पड़ा है। अपनी डायरी में परिवर्तित तिथि अंकित करते हुए, भैया-बहन, आचार्य परिवार, अभिभावक सहित सभी हितचिंतकों को भी सूचित करने की कृपा करेंगे। परिवर्तित तिथि निम्नवत है-

1. तिथि परिवर्तन

1. **प्रांत स्तरीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग** - दिनांक 03/06/2024 से 22/06/2024 तक
2. **प्रांत स्तरीय कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग** - दिनांक 03/06/2024 से 22/06/2024 तक
3. **प्रांत स्तरीय सेवा स्थायित्व प्रशिक्षण वर्ग** - दिनांक 03/06/2024 से 22/06/2024 तक
4. **प्रांत स्तरीय कार्यालय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग** - दिनांक 03/06/2024 से 12/06/2024 तक

   द्रष्टव्य :- कार्यालय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग - विगत वर्ष (2023) में कार्यालय कार्यकर्ता का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ था। उस वर्ग में भाग लेने वाले सभी कार्यकर्ता पुन: 2024 के प्रशिक्षण वर्ग (दिनांक 03/06/2024 से 12/06/2024 तक) में भाग लेंगे।

5. **नवीन प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग** - दिनांक 12/06/2024 से 22/06/2024 तक

सभी के लिए स्थान – आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची, झारखण्ड। शेष सूचनाएँ पत्रक क्रमांक 19/2023-24 एवं वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ क्रमांक 4 एवं 5 के आधार पर ही पूर्ववत् है।

* प्रधानाचार्य जी अपने आचार्यों को पूर्ण एवं पूर्व सूचना देकर अवश्य भेजें।
* शिक्षार्थी थाली, गिलास एवं कटोरी सहित अपने लिए दैनिक उपयोग की समस्त सामग्री लेकर ही आएँ।

6. **ग्रीष्मावकाश** – दिनांक 25/05/2024 से 19/06/2024 तक है।
7. **प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता** – दिनांक 28/06/2024 से 30/06/2024 तक, शेष सूचनाएँ पूर्ववत् हैं।

2. अन्य

1. नामांकन पर्व में प्राप्त विशिष्ट उपलब्धियों से प्रदेश कार्यालय को भी ई-मेल द्वारा अवगत कराएँ।
2. अनेक पूर्वछात्र विविध प्रकार से विद्यालय में सहयोग कर रहे हैं, कर्मरत्त हैं। उनका विवरण भी प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें। वे समिति में हैं, शैक्षिक कार्यों में, निरीक्षण में, आदर्श कक्षा संचालन में या किसी भी प्रकार से आर्थिक, शारीरिक, मानसिक या बौद्धिक सहयोग कर रहें हो तो उनका नाम मोबाईल नंबर सहित प्रेषित करें।
3. अपना प्रदेश जनजातीय प्रदेश है। जनजातीय कार्यकर्ताओं की सहभागिता एवं सहयोग भी लिख कर प्रेषित करें।

।। इतिशुभम् ।।

भवदीय

अजय कुमार 5/4/24

(अजय कुमार तिवारी)

प्रदेश सचिव

विद्या विकास समिति, झारखंड